देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 288 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...कौन सबसे महंगा



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 6.0°

41163.76

2 आर्मी चीफ के बयान से डरा पाक

7 स्मिथ ने फिर झेली दर्शकों की हूटिंग

## संक्षिप्त समाचार

### सेना ने दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। भारतीय सेना से बार–बार मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान सेना ने पीओके में बड़ी साजिश रची है। उसने गत बुधवार को उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटी भारतीय चौकियों को निशाना बनाते हुए भारी गोलाबारी की। इस गोलाबारी में 18 मराठा लाई का जेसीओ बृजेश कराटे शहीद हो गया। जबकि भारतीय नागरिक नसीमा बेगम की मौत हो गई है। नसीमा चुरुंदा गांव की रहने वाली बताई जाती हैं। वहीं भारतीय जवानों ने भी अपने जवान की शहादत का बदला लेते हुए पीओके के देवा इलाके में पाक चौकी को निशाना बनाकर गोले दागे जिसमें दो पाक सैनिकों को मार गिराया गया।

### भागवत के बयान पर बोले आठवले– सभी को हिंदू कहना ठीक नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान से सहमत नहीं हैं कि देश की 130 करोड़ जनसंख्या हिंदू समाज का हिस्सा है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख आठवले का कहना है कि ऐसा कहना सही नहीं है। गुरुवार को रामदास आठवले ने मोहन भागवत के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह कहना सही नहीं है कि सभी हिंदू हैं।

### शीतलहर से फिलहाल नहीं मिलेगी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण पूरा उत्तर भारत भयंकर शीतलहर और कोहरे की चपेट में है। राजधानी दिल्ली में शीतलहर ने 22 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। 30 दिसंबर से तापमान में कुछ बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान और दिल्ली में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है। इससे रात में भी शीतलहर शुरू हो सकती है।

# डिटेंशन सेंटर पर सच्चा कौन?

■डिटेंशन सेंटर को लेकर कांग्रेस लगातार झूठ बोल रही है: बीजेपी

## राहुल गांधी के आरएसएस पीएम झूठ बोलते हैं ट्वीट पर बीजेपी का पलटवार



**प्रधानमंत्री भारत माता से झूठ बोलता है**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने डिटेंशन सेंटर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई एक रैली में कहा था कि कांग्रेस डिटेंशन सेंटर को लेकर बुरी नीयत से झूठ फैला रही है। प्रधानमंत्री के उसी बयान पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि वह झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने एक विडियो को ट्वीट करते हुए लिखा, आरएसएस का प्रधानमंत्री भारत माता से झूठ बोलता है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पीएम मोदी के लिए किए ट्वीट पर बीजेपी ने पलटवार किया है। राहुल गांधी को झूठों का शहंशाह बताते हुए बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि देश की जनता के सामने उनकी कलई खुल चुकी है। संबित पात्रा ने राहुल गांधी के आरएसएस का प्रधानमंत्री झूठ बोलता है ट्वीट को बेहद आपत्तिजनक बताया और कहा कि डिटेंशन कैंपों को लेकर कांग्रेस देश में भ्रम फैला रही है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, आज राहुल गांधी जी ने कुछ ट्वीट किया है और जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया है वह बहुत आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा है कि आरएसएस का प्रधानमंत्री भारत माता से झूठ बोलता है। मुझे लगता है राहुल गांधी से भद्रता और अच्छी भाषा की अपेक्षा करना ही गलत है। उन्होंने कहा कि राफेल पर झूठ फैलाने के कारण राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग चुके हैं और अब देश की जनता से झूठ बोल रहे हैं। डिटेंशन सेंटर पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

बीजेपी के चर्चित प्रवक्ता ने डिटेंशन सेंटर खोलने को लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि ऐसा कोई डिटेंशन कैंप नहीं है, जिसमें एनआरसी के बाद हिंदुस्तान के मुसलमानों को रखा जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री ने क्या झूठ बोला है? 13 दिसंबर 2011 को केंद्र सरकार के एक प्रेस रिलीज में कहा गया था कि 3 डिटेंशन कैंप असम में खोले गये हैं। 2011 में केंद्र में कांग्रेस सरकार थी 20 अक्टूबर 2012 को असम की कांग्रेस सरकार ने श्वेत पत्र जारी किया था। इसमें पेज 38 में लिखा है कि केंद्र सरकार ने असम सरकार को यह निर्देश दिया है कि आप डिटेंशन सेंटर सेट कीजिए।

### डिटेंशन सेंटर की क्यों हो रही चर्चा?

बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून बनने के बाद इसका विरोध कर रहे दल, संगठन और प्रदर्शनकारी इसे देशभर में एनआरसी लागू किए जाने की दिशा में उठाया गया कदम बता रहे हैं। सीएए के विरोधी इसके पक्ष में यह दलील भी दे रहे हैं कि एनआरसी में जो लोग अपनी नागरिकता साबित करने के लिए दस्तावेज मुहैया नहीं करा पाएंगे उन्हें कैद करने के लिए देशभर में जगह–जगह डिटेंशन सेंटर बनाए जा रहे हैं। अब नैशनल पॉपुलेशन रजिस्टर को अपडेट करने को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद विपक्षी दल इसे भी एनआरसी लागू करने के लिए उठाया गया कदम बता रहे हैं।

### दशक का आखिरी सूर्य ग्रहण खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में गुरुवार की सुबह सूर्य ग्रहण देखा गया। ओडिशा, केरल, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई हिस्सों में सूर्य ग्रहण देखा गया। यह इस दशक का आखिरी सूर्यग्रहण था। साल 2019 का यह आखिरी सूर्यग्रहण खत्म हो चुका है। देश के अलग–अलग हिस्सों में सूर्यग्रहण देखा गया। सूर्यग्रहण सुबह 8 बजकर 17 मिनट से शुरू होकर 10 बजकर 57 मिनट तक चला। यह खंडग्रास सूर्यग्रहण है और यह सूर्य ग्रहण पौष मास की अमावस्या पर लगा है। केरल, गुजरात, ओडिशा समेत देश के कई शहरों में सूर्यग्रहण देखा जा रहा है।

# नेता वही जो सही राह दिखाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में जारी विरोध–प्रदर्शनों को लेकर इन दिनों राजनीतिक गलियारे में जमकर शोर–शराबा हो रहा है। आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत ने विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन पर सवाल उठाए। दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में डटे सेना के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोग दिल्ली की ठंड से खुद को बचाने में जुटे हैं जबकि सियाचिन में मेरे जवान –10 से –45 डिग्री में सरहद की रक्षा कर रहे हैं। एनआरसी और सीएबी को लेकर जारी विरोध और देश के कई

**लोगों को गलत रास्ते पर ले जाना सही नेतृत्व नहीं होता: आर्मी चीफ**

विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन पर भी आर्मी चीफ ने सख्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने किसी यूनिवर्सिटी का नाम लिए बिना कहा, नेतृत्व क्षमता वह नहीं है जो लोगों को गलत दिशा में लेकर जाती हो। आज हम सब बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में छात्रों की अगुआई में कई शहरों में भीड़ और लोगों को हिंसक प्रदर्शन करते देख रहे हैं। यह नेतृत्व क्षमता नहीं है।

**लीडरशिप को बताया मुश्किल**



**कामः** आर्मी चीफ ने नेतृत्व पर बोलते हुए कहा कि यह आसान काम नहीं बल्कि बहुत मुश्किल काम है। सेना प्रमुख बिपिन रावत ने कहा, लीडरशिप एक मुश्किल काम है क्योंकि जब आप आगे बढ़ते हैं तो बड़ी संख्या में लोग आपको फॉलो करते हैं। यह दिखने में सामान्य लगता है, लेकिन यह बहुत–बहुत मुश्किल काम है क्योंकि आपके पीछे एक बहुत बड़ी भीड़ है।

### दिग्विजय–ओवैसी ने किया तंज

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कैंपस छात्रों द्वारा हिंसक प्रदर्शनों का नेतृत्व करने पर नाराजगी जाहिर की। इस बयान पर अब राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने आर्मी चीफ पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया। दिग्विजय ने जहां सांप्रदायिक आधार पर हिंसा को लेकर सवाल दागा तो ओवैसी ने तो आर्मी चीफ को अपने कार्यक्षेत्र तक सीमित रहने की नसीहत दे डाली।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट, यूपी के 6 जिलों में इंटरनेट बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेरठ। वेस्ट यूपी के मेरठ समेत कई संवेदनशील जिलों में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। खासतौर पर सहारनपुर में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन एक बार फिर चौकसी बरत रहा है। इस मद्देनजर प्रदेश के 6 जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। कड़ाके की ठंड के नाम पर रविवार तक वेस्ट यूपी के सभी स्कूल–कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। पुलिस लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। इसके अलावा अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ शहरों में फ्लैग मार्च निकाल रहे हैं।

# टुकड़े गैंग को जनता सबक सिखाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का नया पद बनाने को मंजूरी दे दी है। इस तरह जल्द ही देश को पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का नया पद बनाने का ऐलान किया था। 1999 में करगिल रिव्यू कमिटी ने इस पद का सुझाव दिया था जो रक्षा से जुड़े मसलों पर सरकार का सिंगल–पॉइंट अडवाइजर होगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति का मकसद भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को ऐतिहासिक सैन्य सुधार की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत की तीनों सेना के लिए एक प्रमुख होगा, जिसे सीडीएस कहा जाएगा। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद सीडीएस की नियुक्ति के तौर–तरीकों और उसकी जिम्मेदारियों को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था।

**आरोप**

### केजरीवाल सरकार को बस धरना देने आता है

कच्ची बस्तियों को पक्का करने को लेकर दिल्ली में जमकर सियासी बवाल हो रहा है। करीब 60 महीने होने को आए हैं केजरीवाल को मुख्यमंत्री बने, आज से पहले ये सारे वादे पूरे क्यों नहीं किए। अभी भी ये वादे पूरे नहीं होने वाले हैं, सिर्फ विज्ञापन देकर लोगों को झांसा दे रहे हैं। इन्होंने जीवन में सिर्फ विरोध करने और धरना देने का काम किया है।

### कांग्रेस सरकार पर शाह का हमला

केंद्रीय गृहमंत्री ने कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए सिख दंगों के दोषियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 84 सिख दंगों के बाद इतने वर्षों तक कांग्रेस की सरकार में पीड़ितों को कभी न्याय नहीं मिला। मोदी सरकार ने आते ही तुरंत एसआईटी बनाई, आज दंगे करने वाले जेल के अंदर हैं। पूरा देश इस निर्मम हत्याकांड को नहीं भूल सकता, हजारों सिख भाइयों का कत्ल कर दिया गया। कांग्रेस की सरकार में काम तो होता ही नहीं था।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in